भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1088

जिसका उत्तर 08.02.2024 को दिया जाना है

राजस्थान में एनएच का निर्माण

1088. श्री चंद्र प्रकाश जोशी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले नौ वर्षों के दौरान राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में कितनी प्रगति हुई है;

(ख) आगामी छह महीनों के दौरान राजस्थान में कितनी सड़कों का निर्माण (किलोमीटर में) होने की संभावना है; और

(ग) वर्तमान में निर्माणाधीन सड़कों का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा) के विकास और रखरखाव के लिए उत्तरदायी है।

विगत नौ वर्षों के दौरान राजस्थान राज्य में लगभग 8,124 किमी लंबाई के राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया है।

चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान राजस्थान राज्य में 749 किलोमीटर लम्बाई के राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण के लक्ष्य में से जनवरी, 2024 तक लगभग 628 किलोमीटर लम्बे राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया जा चुका है। 2024-25 के लिए लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है।

राजस्थान राज्य में वर्तमान में निर्माण के लिए शुरू की गई रारा परियोजनाओं का जिला-वार विवरण अनुबंध पर प्रस्तुत है।

अनुबंध

'राजस्थान में एनएच के निर्माण'के संबंध में श्री चंद्र प्रकाश जोशी द्वारा दिनांक08.02.2024 कोपूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1088के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

राजस्थान राज्य में वर्तमान में निर्माण के लिए शुरू की गई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का जिलेवार विवरण

क्र.सं.	**ज़िला**	**लंबाई किमी में**
1	अजमेर	24
2	अलवर	45
3	बालोतरा	38
4	बांसवाड़ा	32
5	बारां	86
6	बाड़मेर	146
7	ब्यावर	60
8	बूंदी	14
9	चुरू	6
10	दौसा	46
11	डूंगरपुर	82
12	हनुमानगढ़	50
13	जालौर	30
14	झालावाड़	5
15	झुंझुनूं	27
16	करौली	28
17	कोटा	11

18	नागौर	22
19	पाली	9
20	प्रतापगढ़	11
21	राजसमंद	140
22	सवाई माधोपुर	10
23	सीकर	7
24	श्रीगंगानगर _	102
25	टोंक	2
26	उदयपुर	73
27	जयपुर शहरी	152
28	जोधपुर शहरी	37
29	गंगापुर	39
30	कोटपूतली-बहरोड़	24

*****